यूटीयूएनुअल एथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल कौथिग का हुआ शुभारंभ

उद्‌घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने प्रतिभाग करने वाली विभिन्न प्रतियोगी टीमों को शुभकामनाएं दी

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू का तीन दिवसीय द्वितीय एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल-2024 कार्यक्रम का उदघाटन मंगलवार को विश्वविद्यालय के खेल परिसर में हो गया है। कौथिग-2024 के उद्‌घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने प्रतिभाग करने वाली विभिन्न प्रतियोगी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विगत वर्ष से एकैडमिक माहौल के अतिरिक्त इस तरह की खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगित आयोजित करने का उद्देश्य पढ़ाई से ईत्तर भी छात्रों को सकारात्मक प्रतिस्पद्धा की चेतना जगाने के लिए एक्टिविटीज का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। कुलपति ने इस दौरान प्रतिभागी छात्रों का आह्वान किया कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया डिजिटल मूवमेंट के दौरान से गुजर रही है ऐसे में आप सभी को इस तरह की ऐैक्टिविटीज में प्रतिभाग कर ऐसे क्षणों को कैप्चर कर अपने लिए भविष्य के लिए यादगार के तौर पर संरक्षित रखने का सुनहरा मौका होता है। तकनीकी विश्वविद्यालय व सम्बद्ध संस्थानों का प्रयास रहता है कि छात्रों के भविष्य को संवारने के हर वो प्रयास किये जायं जो कि उन्हें जीवन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में यादगार साबित हो सके। इस मौके पर विश्वविद्यालय के वित नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल,विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा सतेन्द्र सिंह,परिषद नियंत्रक वीके पटेल,निदेश महिला प्रौद्योगिकी संस्थान डा मनोज कुमार पांडा आदि मौजूद रहे।

क्विज में कुल18 टीमों ने प्रतिभाग किया

वहीं दूसरी टैक्नीकल क्विज में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें तुलाज इंस्टीट्‌यूट देहरादून की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रही और दूसरे स्थान-श्रीदेवभूमि इंस्टीट्‌यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, देहरादूनने प्राप्त किया तथा आई0टी0 गोपेश्वर की टीम तीसरे स्थान पर रही। युनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें गोविन्द बल्ल पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्‌यूट आफ टैक्नोलॉजी,घुडदौड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त विजेता रही तथा आरआईटी रूड़की दूसरे स्थान प्राप्त कर उपविजेता रही। बाकी बचे हुई खेल प्रतियोगिताएं कल बुधवार आज दूसरे दिन विभिन्न टीमों के मध्य खेली जायेगी। कौथिग-2024 के पहले दिन के दूसरे सत्र में शाम को सांस्कृतिक संध्या के तहत पाण्डवाज बैंड के माध्यम से देश की विभिन्न लोक संस्कृतियों विशेषकर उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति के आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समाचार लिखे जाने तक जारी था।

आज खेले जायेंगे फाइनल राउण्ड

मंगलवार को छात्र-छात्राओं की टीमों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाएं हुयीं विभिन्न छात्र-छात्राओं की टीमों के मध्य हुई खेल प्रतियोगिताएं जिसमें 100 मीटर की दौड़ में 19 टीमें, 200 मीटर की दौड़ 15 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें दो-दो राउण्ड के खेल हुए और इनमें फाइनल राउण्ड कल बुधवार आज खेले जायेंगे।

गोला फेंक में छात्रों की 17 टीमें ने प्रतिभाग किया

गोला फेंक में छात्रों की 17 टीमें तथाछात्राओं की 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। गोला फेंक में छात्रों की विजेता टीम ''श्रीदेवभूमि इंस्टीट्‌यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, देहरादून'' की टीम रही तथा जेबीआईटी इंजीनियरिंग कालेज की टीम दूसरा स्थान प्राप्त कर उपविजेता रही तथा गोविन्द बल्ल पंत इंजीनियरिंग इंस्टीट्‌यूट आफ टैक्नोलॉजी,घुडदौड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं की टीमें गोला फेंक प्रतियोगिता में जीआरडी इंस्टीट्‌यूट देहरादून की टीम प्रथम प्राप्त कर विजेता व महिला प्रौद्योगिकी संस्थान डब्ल्यूआईटी देहरादून की टीम दूसरा स्थान प्राप्त कर उपविजेता रहीं। सोशियों हैकाथॉन में कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसका परिणाम आज बुधवार घोषित किये जायेंगे।